Campaign to Check Helmet and Seat Belt - An Extension Activity

दिनांक 17 जनवरी 2023 को हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद के रोड सेफ्टी क्लब के द्वारा मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के आखिरी दिन जींद शहर में छोटे शिव चौक नेहरू पार्क के पास पुलिस विभाग के साथ मिलकर सीट बेल्ट व हेलमेट चेक करने की मुहिम चलाई गई। यह अभियान रोड सेफ्टी क्लब की प्रभारी डॉक्टर सीमा दलाल, डॉक्टर पिंकी व जींद पुलिस विभाग के एस. एच. ओ. श्रीमान संजय कुमार की अगुवाई में चलाया गया। इस मुहिम के दौरान बिना हेलमेट बाइक व स्कूटी चालकों को रोका गया और उन्हें सड़क यातायात नियमों को बताते हुए फूल देकर भविष्य में हेलमेट लगाकर दो पहिया वाहन चलाने को कहा गया। इसी के साथ उन कार चालकों को भी रोका गया जो सीट बेल्ट नहीं लगाए हुए थे। उन्हें बताया गया कि ऐसा करके वे अपने बहुमूल्य जीवन को खतरे में डाल रहे हैं, अतः उन्हें गुलाब के फूल देकर भविष्य में सीट बेल्ट लगाने को प्रोत्साहित किया गया। यह जागरूकता अभियान लगभग एक घंटा चला जिसमें राहगिरो को भी यातायात के नियमों से अवगत कराया गया। इस मुहिम में महाविद्यालय से श्रीमान जसबीर काजल, श्रीमान नारायण, श्रीमान प्रवीण, श्रीमती रमन कुमारी, श्रीमान कुलदीप व श्रीमान संजू आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बिना हेलमेट पहने वाहन चला रहे चालकों को दिए गुलाब के फूल

- यातायात नियमों की पालना का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हिंदु कन्या महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा मनाए जा रहे रोड सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत कॉलेज के मुख्य द्वार के सामने वाली मुख्य रोड पर हैलमेट एवं सीट बैल्ट चैक करने की मुहिम शुरू की गई। कार्यक्रम का संचालन क्लब इंचार्ज

जींद। बिना हेलमेट पहने वाहन चालको को फूल देते हुए। फोटो : हरिभूमि

अभियान के तहत रोड पर बिना हैलमेट के सभी बाइक चलाने वालों को रोका गया। प्राचार्या डा. उपासना

नियमों के अनुसार दो पहिया वाहन पर हैलमेट पहनना अनिवार्य है। अन्यथा भारी ...